जीएसटी 2.0 में हुए सुधारों से आमजन को राहत मिलेगी : गोदारा

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि जीएसटी 2.0 के सुधार देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और नए भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान देंगे।

खाद्य मंत्री गोदारा बुधवार को निवास स्थान पर जनसुनवाई के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि

- **केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ गोदारा ने लूणकरनसर के मार्केट में विजिट कर लोगों को जीएसटी में सुधार के बारे में बताया**

जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद मंगलवार को केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ उन्होंने लूणकरनसर के मार्केट में विजिट किया। लोगों और दुकानदारों में खुशी का माहौल था।

गोदारा ने कहा कि आज भी लोग जनसुनवाई में आ रहे हैं तो जीएसटी 2.0 में हुए सुधारों की प्रशंसा कर रहे हैं। दुकानों में व्यापार बढ़ रहा है। चीजें सस्ती हो गई हैं। किसान भाई भी खुश हैं कि खेती से जुड़ा सामान भी सस्ता हुआ है। ट्रैक्टरों के सस्ता होने से भी किसान भाईयों में खुशी का माहौल है। दुपहिया और चौपहिया वाहनों से लेकर हर आम जरूरत की चीजों में कीमतों के कम होने से लोगों में खुशी का माहौल है। जनसुनवाई को लेकर खाद्य मंत्री गोदारा ने कहा कि बुधवार सुबह 09 बजे जनसुनवाई शुरू की थी जो रात 08 बजे तक चलेगी। जनसुनवाई में लोग जीएसटी 2.0 में हुए सुधारों से आमजन को मिली राहत को लेकर धन्यवाद ज्ञापित करने भी आ रहे हैं। साथ ही व्यक्तिगत समस्याओं से लेकर पानी, बिजली, सड़क, आवासीय भूखंडों इत्यादि को लेकर समस्याएं लेकर आ रहे हैं। उनका समाधान संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर तत्काल करने का प्रयास किया जा रहा है।



बीकानेर में खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी।

कुछ लोग काम होने पर धन्यवाद ज्ञापित करने भी आ रहे हैं। नापासर से आये एक डेलिगेशन के राजाराम ओझा ने बताया कि नापासर में पानी, बिजली से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन्हें मंत्री को बताया है। साथ ही बताया कि पहले हम सड़क निर्माण को लेकर आये थे। वहां 2-3 किलोमीटर डामर सड़क का निर्माण शुरू हो चुका है। साथ ही कुछ सड़कें बननी प्रस्तावित है। पानी को लेकर 27 करोड़ का टेंडर हुआ है उसका काम भी जल्द शुरू होने वाला है। ओझा ने बताया कि बिजली के संबंध में रोड़ लाइट इत्यादि को लेकर ज्ञापन दिया है। उसमें भी जल्द से जल्द काम होने का मंत्री ने आश्वासन दिया है। रामसर से आये डेलिगेशन के सदस्य रामनिवास कस्वां ने बताया कि मंत्री जी के आने के बाद गांव में बहुत विकास हुआ है। रामसर से नापासर रोड़ बहुत टूटी हुई थी। उसका कार्य चल रहा है। रामसर से मूंडसर 6 किलोमीटर की दूरी में से बची हुई 3 किलोमीटर रोड़ भी मंत्रीजी ने स्वीकृत करवा दी। तीन ट्यूबवैल के बाद एक और ट्यूबवैल बन रहा है। गांव में वोल्टेज सुधार को लेकर नए ट्रांसफार्मर लगाये गए हैं। बिजली के पुराने पोल और तार भी चेंज किए गए हैं। रामसर में जीएसएस मंजूर हो गया है।

जेल में बंदी के पास मिला मोबाइल

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय कारागृह में वार्ड नंबर 4 के बैरक 13 में सजायाफ्ता बंदी के पास कचोड़ा कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ। उसके खिलाफ बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पिछले दिनों जेल में बंदियों के पास एंड्रायड मोबाइल बरामद किया गया था।

जेल स्टॉफ को वार्ड नंबर 4 में बैरक 13 के बंदी हरियाणा में पलवल निवासी अंकित पंडित की गतिविधियां संदिग्ध लगी। वार्ड में ड्यूटी कर रहे प्रहरी सुन्दरलाल ने अधिकारियों को जानकारी दी। कारापाल सुरजनारायण सोनी, उप कारापाल सुभाषचन्द स्वामी, मुख्य प्रहरी रामकिशोर व रिलीफ इंचार्ज दीनदयाल शर्मा ने बैरक 13 में सजायाफ्ता बंदी अंकित की तलाशी ली। इस दौरान बंदी की पेंट से कचोडा कंपनी का मोबाइल बरामद हो गया।

मोबाइल जब्त कर उसके खिलाफ प्रहरी सुन्दरलाल ने बीछवाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों बंदियों से एंड्रायड मोबाइल बरामद हुआ था जिससे चार बंदियों ने जेल से बाहर बात की थी।

बीकानेर जेल में वर्ष 2023 से अब तक मोबाइल, मादक पदार्थ और अन्य संदिग्ध सामग्री मिलने के 24 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वर्ष 24 में 17 मुकदमे दर्ज हुए थे। इस साल अब तक सात मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। बीछवाल थाना पुलिस ने इनकी जांच की तो सामने आया कि जेल में ज्यादातर मोबाइल की-पेड बरामद किए गए। ये मोबाइल रिश्तेदारों, सुरक्षाकर्मी और स्टॉफ की मिलीभगत या बाहर से फेंक कर दीवार के उस पार भेजे गए।

2151 कन्याओं का पूजन व भंडारा 27 को

बीकानेर, (कासं)। मां करणी सेवा समिति, नत्थूसर बास बीकानेर द्वारा शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। 27 सितम्बर को परंपरा के अनुसार 2151 कन्याओं का पूजन एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित होगा।

आयोजन प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक हनुमान मंदिर भवन, नीम की चौकी के पास, नत्थूसर बास, बीकानेर में संपन्न होगा। इसमें विशेष रूप से आसपास के विद्यालयों की बालिकाओं को आमंत्रित किया गया है। उनका विधिवत पूजन कर भोजन एवं प्रसादी ग्रहण कराई जायेगी। साथ ही सेवा बस्तियों से भी बड़ी संख्या में बालिकाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा गया है। तैयारियों को लेकर हुई बैठक में अध्यक्ष राकेश सांखला, कोषाध्यक्ष रामकुमार सांखला, अभिजीत पवार, राजकुमार सांखला एवं विकास भाटी सहित समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों का विभाजन किया गया।

आयोजन में मातृशक्ति टीम का भी विशेष योगदान रहा। टीम की प्रीति सांखला, उमा सांखला, सत्यभामा, नीलम, शोभा कच्छावा, गुड्डी देवी, दीपिका, सपना तंवर, अंकिता, गिरिजा गहलोत, रेणु शर्मा तथा अनिता कंवर राजपूत आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और आयोजन को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के संयोजक नंदकिशोर गहलोत ने बताया कि आसपास के मोहल्लों और गली-बस्तियों से प्रत्येक बालिका की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पंपलेट का वितरण किया है।

सार-समाचार

प्रधानाध्यापक ने इन्वर्टर भेंट किया

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रहलाद की ढाणी रोड़ा में प्रधानाध्यापक नदीम अहमद ने इन्वर्टर मय बैटरी भेंट किया

बीकानेर, (कासं)। ग्राम पंचायत रोड़ा के पीईईओ प्रभाकर दीक्षित के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रहलाद की ढाणी रोड़ा में एक प्रेरक पहल की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नदीम अहमद नदीम ने विद्यालय को इन्वर्टर सहित बैटरी सप्रेम भेंट कर शिक्षार्थियों एवं विद्यालय परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनशीलता एवं दायित्व बोध का परिचय दिया। विदित है कि ग्रामीण अंचलों में विद्युत आपूर्ति की समस्या के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। शिक्षक पूनमचंद बिश्नोई ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योगदान से विद्यालय में निर्बाध रूप से शैक्षणिक गतिविधियां संचालित होंगी तथा बच्चों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। पीईईओ प्रभाकर दीक्षित ने नदीम अहमद के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक होते हैं। विद्यालय को आत्मीयता से अपनाने की यह पहल अन्य शिक्षकों एवं समाजजन के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद राम सींगड़ ने किया और आभार करणी सिंह राठौड़ ने व्यक्त किया। विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भी प्रधानाध्यापक की इस भेंट पर हार्दिक प्रसन्नता जताई और इसे एक अनुकरणीय उदाहरण बताया।

ठंड बढने से डेंगू-मलेरिया फैलेगा

श्रीगंगानगर, (कासं)। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष अभी जिले में मौसमी बीमारियों का फैलाव कम है। क्योंकि अभी डेंगू और मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को ब्रीडिंग के लिए अनुकूल वातावरण नहीं है। तापमान ज्यादा है और मानूसन भी पिछले सालों के मुकाबले लम्बा चला है। लिहाजा अब तक तो ठीक है लेकिन अगले 10 दिनों में स्थिति बदलने की आशंका है। क्योंकि अक्टूबर में तापमान कम होगा, सर्दी बढ़ेगी। इधर मानसूनी बरसात के स्टोरेज पानी और घरों में स्वच्छ पानी से मच्छर पनपेंगे। इसी के साथ ही डेंगू और मलेरिया के रोगी बढ़ने लगेंगे। जिले में 20 सितंबर तक 27 डेंगू रोगी सामने आये हैं। ये एलाइजा टेस्ट के बाद पॉजिटिव बताए गए हैं। हालांकि निजी अस्पतालों में भी डेंगू रोगी उपचाराधीन हैं लेकिन वहां भी संख्या अभी कम ही है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. प्रवीण मक्कड़ बताते हैं कि उनके यहां आने वाले मौसमी बीमारी से पीड़ितों में वायरल बुखार के 70 फीसदी मरीज हैं। 10 फीसदी मलेरिया के जबकि डेंगू के केवल 20 फीसदी ही हैं। जबकि इसी अवधि में पिछले साल स्वास्थ्य विभाग ने 522 रोगी बताए थे। अभी सावधानी की जरूरत है। डॉ. पवन सैनी, उप प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. अंकित लड्ढा , वरिष्ठ फिजिशियन सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने कहा कि अभी डेंगू रोगियों की संख्या नियंत्रण में है। इसे आगे भी सावधानी बरतने से काबू रखा जा सकता है। डेंगू और मलेरिया के मच्छर साफ पानी पर ही पनपते हैं। इसलिए घरों में कूलर, पानी की टंकियों, छतों पर रखे कबाड़ सामान, गमलों आदि में ठहरे साफ पानी को संभालें। टंकियों को ढककर रखें और कूलर को नियमित साफ करें। गमले, छतों पर कबाड़ आदि को साफ करें। साफ पानी जहां भी खुले में स्टोर हुआ पड़ा है। उसमें केरोसीन, काला तेल डालकर मच्छरों को नष्ट कर दें नहीं तो मौसम ठंडा होते ही लार्वा बनेंगे और मच्छरों से डेंगू व मलेरिया फैलेगा।

पति को 3 साल की सजा

बीकानेर, (कासं)। देशनोक में पत्नी ने पति के खिलाफ भरण-पोषण का केस वापस नहीं लिया। गुस्साए पति ने घर पहुंचकर पत्नी से मारपीट की। अब तीन साल जेल में रहना पड़ेगा। परिवादी सोना देवी की ओर से वर्ष 2014 में देशनोक थाना पुलिस को पर्चा बयान दिया था। पुलिस को बताया कि उसने पति पर भरण-पोषण का केस कर रखा है। 30 मई 2014 की रात को उसका पति संतोष बोथरा शराब पीकर घर आया और भरण-पोषण का केस वापस लेने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर उसे, भाईयों और पिता को जान से मारने की धमकी दी। केस वापस लेने से मना किया तो बोथरा ने थाप-मुक्कों और लकड़ी से मारपीट की। इस दौरान बच्ची चिल्लाई तो आरोपी पति भाग गया। मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। पता चलने पर पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और सोना देवी को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच कर 9 जुलाई, 14 को कोर्ट में चालान पेश कर दिया। विशिष्ट अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट यास्मीन खान ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी पति को दोषी माना और उसे 3 साल के कारावास व 6,000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 5 गवाहों के बयान हुए।

51 बेटियों का सामूहिक विवाह 6 को

श्रीगंगानगर, (कासं)। बाबा दीपसिंह सेवा समिति की ओर से 6 अक्टूबर को सर्वधर्म के जरूरतमंद परिवारों की 51 लड़कियों का सामूहिक विवाह समारोह पमदपुर रोड स्थित गुरुद्वारा बाबा दीपसिंह शहीद में आयोजित किया जायेगा। इस पुनीत कार्य के लिए तैयारियां चल रही हैं, जिसमें 100 से अधिक सेवादार पूरी लगन के साथ जुटे हुए हैं। इस आयोजन में सभी धर्मों के जरूरतमंद परिवारों की बेटियां शामिल होंगी। बाबा दीप सिंह सेवा समिति के महासचिव तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा ने बताया कि प्रत्येक धर्म की लड़कियों के विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक ही होंगे। गुरू ग्रंथ साहिब की हजूरी में आनंद कारज की रस्में निभाई जायेंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हरप्रीत सिंह बबलू, सतनाम सिंह लाडा की देखरेख में हरप्रीत कौर गुड़िया, परवीन कौर, लखविंदर कौर, कमल कौर, बलजिंदर कौर आदि तैयारियों में जुटे हैं।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पांच जने घायल

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ गांव 12 में रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। घटना में दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हो गए। घायलों को पहले अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में उन्हें श्रीगंगानगर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

- **गुरनाम सिंह का गुरदीप सिंह के साथ 2004 से एक मुरब्बा जमीन का विवाद चल रहा है। 10 दिन पहले सिविल कोर्ट ने गुरनाम सिंह की याचिका खारिज कर दी थी**
- **शादी की तैयारी के दौरान खेत में ट्रैक्टर लेकर घुसे, लाठी-डंडों से मारा**

घटना रात करीब 10 बजे की है। गुरनाम सिंह के खेत में उनकी बेटी की शादी का आयोजन था। इसी दौरान गुरदीप सिंह और बलविंद्र सिंह करीब 24 लोगों के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत में घुस गए। गुरनाम सिंह का गुरदीप सिंह के साथ 2004 से एक मुरब्बा जमीन का विवाद चल रहा है। 10 दिन पहले सिविल कोर्ट ने गुरनाम सिंह की याचिका खारिज कर दी थी।

घायल जरनैल सिंह ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने 7-8 राउंड फायरिंग की। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को पकड़ा और एक ट्रैक्टर जब्त किया है। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस दौरान उनकी बोल चाल भी हुई, जिसके बाद उन्होंने उन सब पर हमला कर दिया। जिसमें गुरनाम सिंह (51) पुत्र अमर सिंह निवासी 12 के बलविंदर सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी 22 एमडी घड़साना व जरनैल सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी 12 के बुरी तरह से घायल हो गया। गुरनाम सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि लाठी डंडों के साथ- साथ बलविंदर सिंह ने पिस्टल से 7-8 फायर भी किए है। दूसरे पक्ष के मुख्य व्यक्ति जिसके साथ गुरनाम सिंह का विवाद चल रहा था। उनमें से किसी के भी चोट नहीं आई बल्कि उनका साथ देने आये उनके दोस्त जसकरण सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी 13 एपीडी अनूपगढ़ व गगन सिंह के सिर में काफी चोट आई है।

साइबर ठगी मामले में चार्जशीट पेश

बीकानेर, (कासं)। साइबर थाना पुलिस ने करोड़ों रूपए की ठगी के मामले में तीन अभियुक्तों के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष चालान पेश किया है। पुलिस की ओर से 681 पृष्ठ की चार्जशीट तैयार की गई है।

15 से 30 हजार रूपये में बैंक खाते किराये पर लेकर उनमें साइबर ठगी। ऑनलाइन गेमिंग और क्रिकेट बुकी की राशि डालने और फिर एटीएम और चैक से निकालने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। अभियुक्त बल्लभ गार्डन निवासी राहुल सिंह, तिलक नगर निवासी मनमोहन यादव और मुक्ताप्रसाद नगर निवासी नाहिद अली को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अनुसंधान अधिकारी रमेश सर्वटा ने बताया कि इस मामले में 681 पृष्ठों की चार्जशीट तैयार की गई। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ यह चार्जशीट सीजेएम कोर्ट में पेश कर दी गई है। म

प्रिंसिपल का जैसलमेर ट्रांसफर, छात्रों का धरना

बीकानेर, (कासं)। प्रिंसिपल के ट्रांसफर के बाद बुधवार को छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वे गेट पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।

- **मामला जिले के नापासर के राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल उच्च माध्यमिक स्कूल का है**

मामला जिले के नापासर के राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल उच्च माध्यमिक स्कूल का है। प्रिंसिपल डॉ. राकेश कुमार चौधरी का बीकानेर से जैसलमेर ट्रांसफर होने के बाद से ही नाराजगी थी। बच्चों का कहना था कि उन्होंने स्कूल में स्पोर्ट और संस्कृत संकाय शुरू किया किया था। दरअसल शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार देर रात लिस्ट जारी की गई थी। छात्रों का कहना था कि कुछ ही समय में उन्होंने स्कूल में कई बदलाव कर दिए थे। वे बच्चों को दोस्त की तरह गाइड करते थे। ऐसे में 300 किलोमीटर दूर जैसलमेर ट्रांसफर करना गलत है। मंगलवार को जैसे ही सींथल गांव के स्कूल से नए प्रिंसिपल ने जॉइन किया तो छात्र नाराज हो गए। बुधवार सुबह सभी छात्र एकजुट होकर स्कूल पहुंचे और गेट बंद कर दिया। छात्रों का कहना था कि जब तक हमारे प्रिंसिपल वापस नहीं आयेंगे तब तक गेट से नहीं हटेंगे। छात्रों ने चेतावनी दी है कि आज हम 200 हैं, कल 500 होंगे और परसों 1000 छात्र यहां जमा हो जायेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो पूरा गांव हमारे साथ खड़ा होगा। धरने में मयंक बोहरा, मनीष पुरी, यशवंत सोनी, नरेन्द्र जाट, मोहित सारण, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किशन दईया मौजूद थे।

जिले के 567 चयनितों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

बीकानेर, (कासं)। रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरूवार को रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित होगा। इस दौरान विभिन्न विभागों में नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जायेंगे।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक बीरमाराम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह मे प्रदेश के 15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए नवचनित युवाओं को प्रातः10:30 बजे आना होगा। जहां सबसे पहले युवाओं का पंजीकरण करवाया जायेगा।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बुधवार को कार्यक्रम से जुड़े विभागीय अधिकारियों को तैयारियों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। कार्यक्रम के ओवरऑल प्रभारी अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव होंगे। उन्होंने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आमंत्रित करने, साउंड सिस्टम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दोपहर 12.30 बजे से किया जायेगा। इसके बाद डेढ़ बजे नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए जायेंगे।

सुनार की दुकान से 6 तोला सोना चोरी

अनूपगढ़, (कासं)। घड़साना कस्बे के शास्त्री चौक स्थित रतन ज्वैलर्स से एक चोर 6 तोला सोना चुराकर फरार हो गया। चोरी की घटना सुबह साढ़े 9 बजे की है।

घटना के समय एक व्यक्ति ग्राहक बनकर दुकान पर आया। उसने दुकान मालिक रतन सोनी से सोने के टॉप्स और अन्य आभूषण दिखाने को कहा। दुकानदार जब आभूषण दिखा रहा था, तब चोर ने बातों में उलझाकर सोने का तवीती हार चुरा लिया।

चोर ने चालाकी से हार की डब्बी को पहले पीछे छिपाया। फिर एक थैले में छिपाकर जेब में डाल लिया। इसके बाद आभूषण पसंद नहीं आने का बहाना बनाकर दुकान से चला गया।

टंकी पर चढ़े पति-पत्नी, बहनोई पर मकान हड़पने का आरोप

सूरतगढ़, (कासं)। संपत्ति विवाद को लेकर बुधवार को एक दंपती उपखंड कार्यालय के पास पेयजल टंकी पर चढ़ गया। तड़के करीब 3 बजे टंकी पर चढ़ने के बाद वह लगभग 6 घंटे तक ऊपर रहा और सुबह सवा 9 बजे परिवार व पुलिस की समझाइश पर नीचे उतरा।

- **पुलिस-परिजनों की समझाइश पर 6 घंटे बाद नीचे उतरे**

थाना के सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि सुबह 8 बजे सूचना मिलने के बाद वे हैड कांस्टेबल धूपसिंह पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पड़ताल में सामने आया कि गोपाल रात को घर से गायब हो गया था। सुबह तक उसकी पत्नी सुमन, बेटी कंचन, बेटा अभिषेक और परिवारजन उसे ढूंढते रहे। पता चला कि वह टंकी पर चढ़ा है। गोपाल का आरोप है कि वह अपनी मां के मकान में रहता है, लेकिन बहन भानु और बहनोई सुभाष ने मां को फुसलाकर मकान के कागजात अपने नाम करवाए और 7 लाख रूपए का लोन ले लिया। लोन की किस्तें नहीं भरने पर गोपाल ने विरोध किया तो पंचायत में उसे धक्का देकर गिराया, जिससे उसका हाथ टूट गया।

आरोप है कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर वह टंकी पर चढ़ गया। उसने टंकी पर चढ़कर धमकी दी कि बहन-बहनोई के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कूद जाऊंगा। मौके पर समाजसेवी राधेश्याम सैन, पूर्व पार्षद शंकर नायक, गोविंद नायक, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, ओमप्रकाश गेदर, गोपाल की बहन पूजा आदि पहुंचे।

एएसआई रणवीर सिंह और हैड कांस्टेबल धूप सिंह ने गोपाल की मां, बहन और बहनोई को मौके पर लाकर समझाया। न्याय का भरोसा दिलाने पर गोपाल नीचे उतरा। इस दौरान पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह भादू, अमर सिंह राठौड़, किशन लाल स्वामी, जयराम सहित कई लोग मौजूद थे।

'महिलाएं संतुलित आहार, योगाभ्यास और नियमित व्यायाम से स्वस्थ रह सकती हैं'

बीकानेर, (कासं)। महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य एवं फिटनेस दिवस के उपलक्ष में स्थानीय राजकीय बांठिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षिकाएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

मुख्य अतिथि डॉ. आयुषी ने महिलाओं के लिए संतुलित आहार, योगाभ्यास, नियमित व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि दैनिक जीवन में छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर वे लम्बे समय तक स्वस्थ रह सकती हैं। बच्चियों ने स्वास्थ्य संबंधी कई सवाल पूछे, जिनके उत्तर देकर डॉ. आयुषी ने उन्हें जागरूक किया। संस्था के मंत्री चंद्रकुमार राखेचा ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों के माध्यम से समाजहित में कार्यरत है। विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है।

महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर शाखा द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं फिटनेस दिवस पर सेमिनार में भाग लेने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया।

विद्यालय प्राचार्य ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर शाखा द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और भविष्य में भी ऐसे सहयोग की अपेक्षा है। महावीर इंटरनेशनल की ओर से छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किये गए, जिससे उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वीर त्रिलोकचंद बाफना, मंत्री चंद्रकुमार राखेचा, कन्हैयालाल बोथरा, चिकित्सा प्रभारी बच्छराज रांका, विद्यालय प्राचार्य सहित संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

- **अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य एवं फिटनेस दिवस पर सेमिनार आयोजित**

साध्वी दीपमाला की तपस्या का पारणा शोभायात्रा निकाली

बीकानेर, (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर व बाल मुनि मीत प्रभ सागर के सानिध्य में बीकानेर की साध्वी दीपमाला के 15 दिन की तपस्या की अनुमोदनार्थ बुधवार को गाजे बाजे से परमात्मा की पालकी के साथ शोभायात्रा निकाली। साध्वी के सांसारिक कोठारी परिवार के परिजनों ने सुगनजी महाराज के उपासरे में पारणा करवाया।

मुनि, साध्वी, श्रावक-श्राविकाओं के चतुर्विद संघ के साथ उन्होंने नाहटा चौक के प्राचीन आदिश्वरजी, भुजिया बाजार के चिंतामणि जैन मंदिर तथा सुगनजी महाराज के उपासरे में भगवान कुंथुनाथजी व क्षमा कल्याणजी महाराज के दर्शन वंदन किया। शोभायात्रा डागा, सेठिया पारख मोहल्ले के महावीर भवन से रवाना होकर विभिन्न जैन बाहुल्य मोहल्लों से होते हुए सुगनजी महाराज के उपासरे में पहुंचकर धर्मसभा में बदल गई। शोभायात्रा के मार्ग पर जगह-जगह श्रावक-श्राविकाओं ने साध्वीजी के दर्शन वंदन किया तथा उनके तपस्या की अनुमोदना की।

धर्मसभा में साध्वी शंखनिधि ने तपस्वी साध्वी दीपमाला की संयम व तप साधना से अवगत करवाया। विचक्षण महिला मंडल, खरतरगच्छ महिला परिषद की बीकानेर इकाई की सदस्याओं, करिशमा गोलेछा, पिंकी बैद, विजय व हनुमंत राज गोलेछा ने गीत व विचारों के माध्यम से भाव व्यक्त करते हुए तपस्या की अनुमोदना की। प्रवचन-धर्म सभा में गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने कहा कि बीकानेर की कुलदीपिका साध्वी दीपमाला श्रीजी ने विपरीत स्वास्थ्य के बावजूद 15 दिन की तपस्या कर जिन शासन की शोभा में श्रीवृद्धि की है। वर्तमान में रसेन्द्रियों के पोषण की बजाय शोषण में लगे लोगों के लिए तपस्या प्रेरणा है। संयम मार्ग पर चलते हुए ज्ञान, ध्यान, साधना व सदाचार, देव, गुरू व धर्म के प्रति समर्पण रखते हुए जो तप की आराधना करते हैं। उनके कर्म क्षय होते है, आत्मबल बढ़ता है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24/09/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 के किला नं. 25 साईज 272.25 वर्गगज श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 923 दिनांक 24.03.1990 को श्रीमती सुनीता पत्नी श्री बलराम के नाम से जारी किया हुआ है। श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री सूरजाराम निवासी वार्ड नं. 20, म.न. 45, हरदीप सिंह कॉलोनी, गली नं. 5, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 20 इन्टू 70 फीट को जरिये अपंजीकृत इकरारनामा बैय फाईनल दिनांक 21.01.2005 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।